First Year Hindi

Gautami Shah/गौतमी शाह

Transcript of clip

फ़िल्म: सुजाता, (Sujata)१९५९

निर्देशक: बिमल रॉय

निर्माता: बिमल रॉय

लेखक सुबोध घोष (कहानी); नबेन्दु घोष (पटकथा); पॉल महेन्द्र (संवाद)

अभिनेता : नूतन, सुलोचना

सुजाता: अम्मी, मैं कौन हूँ?

अम्मी: आज अचानक ये (यह) बात क्यों पूछ रही है?

सुजाता: मैं ये (यह) जानना चाहती हूँ कि मैं हूँ कौन?

अम्मी: क्यों, किस लिए?

सुजाता: महादेव के हाथ की चाय वो लोग ख़ुशी से पी गए, लेकिन मेरे हाथ की चाय क्यों न पीते? क्या मेरे छूने से चाय ज़हर बन जाती?

अम्मी: सुजाता दिमाग़ न चाट मेरा। मुझे फ़ुर्सत नहीं।

सुजाता: अम्मी आज तुम्हें बताना ही होगा।

अम्मी: आज ज़िद न कर सुजाता।

सुजाता: अम्मी, बिना जाने नहीं छोड़ूँगी, बताओ।

अम्मी: तेरी ये मजाल, पूछ क्या पूछना चाहती है।

सुजाता: मैं कौन हूँ?

अम्मी: तू, तू अछूत है!!

सुजाता: अछूत?!!?

अम्मी: हाँ, एकदम नीची जात। तेरे हाथ का छुआ खाना तो क्या, तेरी परछाई तक से लोग दूर रहना चाहते हैं।

सुजाता: लेकिन, मैं इतनी नीच जात किस लिए हूँ?

अम्मी: तेरा जन्म नीच जात में हुआ। तेरे माँ-बाप अछूत थे, इसलिए!

शब्दावली:

निर्देशक (nm/nf) = director
निर्माता (nm/nf) = producer
पटकथा (nf) = screenplay
संवाद (nm) = dialogue
अचानक (adv) = unexpectedly, suddenly, by chance
छूना (v) = to touch
ज़हर (nm) = poison
दिमाग़ (nm) = brain, mind
चाटना (v) = to lick
फ़ुर्सत (nf) = फ़ुरसत = leisure, free time, opportunity as in 'time' to do something
ज़िद (nf) = ज़िद्द = stubbornness, insistence; ज़िद करना = to be stubborn, to insist.
छोड़ना (v) = to leave, to let go off
मजाल (nf) = nerve as in 'courage', audacity
परछाई (nf) = shadow, reflection
दूर (adj + nf) = distant, remote, distance (दूरी)
दूर रहना = to stay at a distance, to stay away, to avoid, to shun

Some Constructions

(i) The **imperfective/habitual participle** (eg. खाता/खाते/खाती/खातो) **without the होना** auxiliary is used to make a **'would' construction**.

(ii) **verb infinitive + होना conjugated = 'have to do verb',** but is considered a **"soft compulsion"**

(**verb infinitive + पड़ना conjugated** = **"hard compulsion"** - used when there is no way out or one has a moral obligation).

Idiomatic expressions

X का दिमाग़ चाटना = to plague with nonsense, to irritate